टी०। जौपै रेजीव रामजू की गुलामी करते लज्जा न करतो तौ तू रामनाम शुद्ध सुवर्ण होकरि कुदाम ज्यौं नामरांगा शीशा की तरह हाथतें हाथ न बिकतो अर्थात् जहां तहां निरादर न होते। रामजी के नामको जपते जिह्वातें जो तू आलस न करतो तो बाजीगर नाम नट ताके सूम ज्यौं नाम कपड़ा के स्वरूप बनाय वाको सूम कहत हैं तेहिके सदृश रेखल तू खेहनाम धूरि नखातो अर्थात् तमासा के अन्तमो नट वाके मुखमो धूरि देत है तैसे तू जहां तहां धूरि फांकत न फिरतो जो रे मन तू मेरे कहेतें राम का नाम कमाते नाम श्रीरघुबर परिचर्या करतो तौ श्रीसीता-पतिके सन्मुख भयेतें सुखी होकरि सबठांवनाम लोकपरलोक दोऊ मो समातो नाम प्रवेश होतो रामजू ताको प्रिय लगते तौतू सब कोप्रियहोतो कालकर्मकुलिनाम सबकारनी जोकारण करनेवाले हैं। तोउनकोहातो नामक्रोध न करतो रामनामके अनुराग करि जोतेरे जियमो प्रीतिआवती तोस्वारथकेपथी जोयह लोकसम्बन्धी तथापरमारथ पथीनाम परलोकके सङ्गी तोको सब पतियातोनाम प्रतीतिकरतोअर्थात् स्वारथपरमारथ दोऊको सुखतथा अभिलाष मिलत साधुको सेवनकरि सुनि समुझिके परायेके पीरतें आपपीर मानतो तो कोटिन्हजन्मको कांद्रैलोनाम मलीनता हृदयरूपहृदसो थिरातोनाम थिरहोतो अर्थात् हृदयशुद्ध होत संसारमार्ग कठिन अनन्तहै परव्यतिरेक परिश्रम सिरातो नाम समाप्त होतो काहे कि उलटे नामको यह महिमा है कि किरातरूप जीवहिंसकजो बालमीक सोमुनिभये देवन्हको दुर्लभजोशरीरसो पायकरि रेजड़ जायनाम व्यर्थ जो नजातो तौ समस्त मङ्गलकोमूल तूहोतो तथा ब्रह्मासानुकूल होते जौरेमन प्रीतिप्रतीतिसौं रामनाम विषेरति करतो तौ तुलसी कहतहै कि रामप्रसाद सों त्रैताप करि ताते नाम तप्त नहीं होतो ॥ १५१ ॥

मू०। रामभलाईआपनीभलकियौंनकाको। युगयुगजनकीनाथको जगजागतसाको। ब्रह्मादिकबिनतीकरीकहिदुखबसुधाको। रविकुलकैरवचंदभोआनंदसुधाको।कौशिकगरततुसारज्यौंत-कितेजतियाको।प्रभुअनहितहितकोदियौफलकोपकृपाको। हरयोपापआपजाइकैसंतापशिलाको।सोचमगनकाढ्यौसही साहिबमिथिलाको। रोष रासिभृगुपतिधनीअहमितिमम-

ताको। चितवत भाजन करिलियो उपसम समता को। मुदित मानि आयसु चले बन मातु पिताको। धर्मधुरन्धर धीर सो गुणशील जिताको। गुह गरीब गतज्ञाति हूं जो वजेहि नभखाको। पायो पावन प्रेमतें सनमान सखाको। सद्गति सवरी गिद्धकी सादर करताको। शोचसीव सुग्रीव के संकट हरताको। राखि बिभीषणकों सकैतेहि कालकहांको। आजविराज राजहै दशकंठ जहांको। बालिसबासीअवधके बूझियेनखाको। तेपांवर पहुंचे तहां जहं मुनिमनथाको। गतिनलहै रामनामसो विधिसोसिरजाको। सुमिरत कहत प्रचारिकै बल्लभ गिरिजाको। अकनिअजामिलकी कथा सानन्दनभाको। नामलेत कलिकालहूं हरिपुरहिंनगाको। रामनाममहिमाकरैकामभूरुहआको। साखी वेदपुराणहैतुलसीतनताको॥ १५२॥

टी०। श्रीरामजू अपनी ओर देखि सबको भलो करत हैं यह बात जनावत हैं सूर्य कुल कुईं रूप ताको चन्द्रमा सदृश आनन्द रूप अमृतते पूर्ण अर्थात् अवतार ग्रहणकरि ब्रह्मादिकों दुखछोड़ायो विश्वामित्र तुषार नाम पालाकी नाईं गलतरहे ताड़का के तेजकों देखिकरि प्रभु जो श्रीरघुबर सो तिनकों सुखी किये तथा अनहित जो ताड़का ताकों हितकी नाईं कोपकरि कृपाको फल दिये अहिल्या को जनकजू को दुख निवृत्ति किये क्रोध के राशि अहंकार ममता के धनी जो परशुरामजू ताको कृपादृष्टितें देखि करि उपसम नाम वैराग्य अरु समता को पात्रकरि दियो पिता माताके आज्ञाकरि आनन्दचित्ततें अयोध्या ऐसी राजधानी त्याग करि बनको चले यह हेतुतें धर्म के बोझा को धारण करता अरु धीर गुणशीलके जीतनेवाले रघुबरको त्यागकरि दूसरो को अर्थात् कोऊ नहीं गुह जो निषाद गरीब गत ज्ञातिहूं नाम नीच जाति तथा कौन ऐसो जीव है जेहि को नभखा नाम नखायो अर्थात् हिंसारूप जीविका जाकीसो मित्रको सतकारपायो केवल पवित्र प्रेमतें वृद्ध सवरी कों पिता माता मानि सद्गति दिये शोच को सीवा जो सुग्रीवता को संकट दूरिकिये ऐसो दूसरो को बिभीषण कों देखावतहैं कहां नाम केहस्थान मो दूसरो को तेहिकाल विषय जो राखिसकै बालिस नाममूर्ख अवधको बासी जो रजक श्री जनक नन्दिनी को निन्दाकियो बूझिये नाम बूझेतें न खाको नाम

बामोखा कभी नहीं अर्थात् अति मति मन्द तोकौं दुर्लभ गति दिये रामनामते जेहि जीवकों गतिनहीं सो जीव ब्रह्मा उत्पन्न न कियो यह विचारि आपको स्मरण करतहैं तथा प्रचारिकै कहत हैं शिवजू अकनि नाम जानिकरि नभाको नाम आनन्द युक्त को न भयो नगाको नाम को न गयो रामनाम की ऐसी महिमा है को आको नाम एक वनकौं कल्प वृक्ष करे अर्थात् अति नीच को अति उत्तमकरेहै याको साची बेदपुराणहै तथा प्रत्यक्ष यह काल सो तुलसी के शरीर को देखो ॥ १५२ ॥

मू० । मेरे रावरियैगति है रघुपतिबलिजाउं । निलज नीच निर्धन निर्गुणकहंजगदूसरोनठाकुरठाउं । हैंनरघरभवभरे सुसाहिबसूझतसबनिआपनोदाउं । बानरबन्धु बिभीषणहितबिन कौशलपालकहुंनसमाउं । प्रणतारति भञ्जनजनरञ्जन शरणागतपविपञ्जरनाउं । कीजैदासदासतुलसी अब कृपासिन्धु बिनमोलबिकाउं ॥ १५३ ॥

टी० । स्वामीतें कहतहैंकि सर्वदोषयुक्त जो मैं ताको आपछोड़ि दूसरीगति नहीं और जो ऐश्वर्यवान साहिबो घरघरभरेहैं पर सबको अपनोदांव सूझत है जो सेवा पूजाकरबेकौं समर्थ ताही पर अनुग्रह करतहैं बानरकोबंधु तथा बिभीषणजो निशिचरताकोहित नामभित्रकरनोकोशलपालजोआपतेहिबिनअहकर्तव्यताकी समाउ अन्यत्र नहीं शरणागत जीवन्ह के रक्षाकरबे को पवि पंजर नाम वज्रकेपिंजरातुल्य नामजाको ऐसोजो आपहैरघुबीरसो अबतुलसी दासकौंअपनो दासकरो चेतकहैाकि निकम्मोकौं हममोल लैकरि कहाकरें सो हे कृपासिंधु यह बिनामोल बिकेहै अर्थात् आपको कछु देनोनहीं होयगो मेंतिको गुलाम होतहैं ॥ १५३ ॥

मू० । देवदूसरोकौनदीनकोदयाल । शीलनिधान सुजानशिरोमणिशरणागति प्रिय प्रणतपाल । कोसमर्थ सरवज्ञसकलप्रभु शिवसनेहमानस मराल । कोसाहिब कियेमीतप्रीतिबसखग निशिचरकपि भीलभाल । नाथहाथ मायाप्रपंचसबजीवदोष गुनकर्मकाल । तुलसिदासभलोपोचरावरोनेकुनिरखिकीजै निहाल ॥ १५४ ॥

टी० । स्वामीको गुणकहतहैं यहतुकमो ऐश्वर्यकहिकरिमोको कृतार्थकरो यह विनय करत हैं शिवजू को स्नेहसोइ मानसरावरे

तेहिविषैं विहार करिबेकों हंसरूप अन्यत स्पष्ट है ॥ १५४ ॥

मू० । बिश्वासएकरामनामको । मानतनहींप्रतीतिअनतऐसोई
सुभावमनबामको । पढ़िबोपर्योनछठीछमतऋगयजुरअथ-
र्बनसामको । ब्रततीरथतपसुनिसहमतपचिमरैकरैतनछाम
को । कर्मजालकलिकालकठिन आधीनसुसाधितदामको ।
ज्ञानविरागयोगजपतपभयलोभमोहकोहकामको । सबदिन
सबलायकभवगायकरघुनायकगुणग्रामको । बैठेनामकाम
तरुतरडरकौनघोरघन घामको । कोजानैकोजैहै यमपुरको
सुरपुरपरधामको । तुलसिहिबहुत भलोलागतजग जीवन
रामगुलामको ॥ १५५ ॥

टी० । रामनामको त्यागकरिअन्यप्रतीति नहीं मानतऐसेई
सुभाव यह मेरे टेढ़े मनको है यहां अनेक साधन शास्त्र प्रतिपा-
दनकरै है तिन्हके नहीं मानवे के हेतुते टेढ़ो कहे छमतजो छवो
शास्त्रकोमततथा चारोंवेदताकोपढ़िबो मेरेछठीमेनपर्योअर्थात्
हमारे भाग्यमेब्रह्मा लिखिनहीं अरुव्रततीरथके क्लेशको सुनिकरि
मन सहमत है कि शरीरको छाम नाम दुर्बलकरि को पचिमरै
यज्ञादिजो कर्मकोसमूहसो कलिकालमे कठिनहै काहेकिसुसा-
धितदाम नामबड़े परिश्रमतें संपादन कियौ जो बड़ो ऐश्वर्यताके
आधीनहै अरुज्ञानादिजो साधनताको लोभादिको भयलग्योहैसब
दिनमे सबकेलायकतो केवल श्रीरघुवरको गुनसमूहहै जाकोभव
गायकनाम शिवजूगावतहैं तथारामनाम जो कल्पवृक्षताके नीचे
बैठेतें घोर जो कठिन घन नाम निबिड़ जो घामताको कौनडर
अर्थात् सम्पन्नवृक्षकेनीचेवासकोभयनहींहोततौकल्पवृक्षकी छाया
मे बासको कौनडर तैसे नामावलंबीको संसार कृतदुखकहां है
पूर्वोक्तहेतुन्हकरि अन्यसब साधनको आस त्यागकरि ऐसो विचार
करनो चाहिये यमपुरको नजायगो तथादेवलोक केहको मिलेगो
अरुपरधाम नाममोक्षको पावेगो वहकोजानेहै अर्थात्कोई फिरि
आइकरि कह्यौनहीं जेहिते प्रतीति होय कि यहकर्मतें यहगति
को प्राप्तभईऐसाबूझि तुलसीको यहबहुत भलोलागत है कि राम
गुलाम होकरि जगतविषै जीवन व्यतीत करनो अर्थात् नरकको
भय स्वर्ग मोक्षकी कामना त्याग करि रामगुलाम ह्वै रहनो यह
मनुष्य जन्म ग्रहणको फल है ॥ १५५ ॥

मू० । कलिनामकामतरुरामको । दलनिहारदारिदुकालदुख दोषघोरघनघामको । नामलेतदाहिनोहोतमनबामबिधाताबामको । कहतमुनीशमहेशमहातमउलटेसूधेनामको । भलोलोकपरलोकतासुजाके बललललितललामको । तुलसी जगजानियतनामतेंसोचनकूचमुकामको ॥ १५६ ॥

टी० । नामको प्रभावकहतहैं नामरूपकल्पवृक्ष दारिददुकाल नाम आपतकाल अरु दुखदोष सोई कठिन घनघामभयो ताको नाशकनामकेलेते वाको नामभाग्यहीनको विधाता जो ब्रह्माताको टेढ़ोजोमनसो दाहिनोनाम सन्मुखहोतहै अर्थात् जाकोभाग्य को लेसऊ नहीं ताहू को नामावलंब करि ब्रह्मा प्रसन्न होय फिर भाग्यवान करतहैंसो यहनामको महिमामैं नहीं करतहौंसोनहीं किंतु उलटेनाम को मुनीशजो बाल्मीक तथा सूधेनामको शिवजू कहतहैं ताकोलोक परलोक दोऊमों भलोहै ललितललाम नाम सुन्दरौं तें सुन्दर अर्थात् ज्ञानादि जो उत्तम साधन ताहू को भूषण रूप जो रामनाम ताकोहै बल याको तासो अपनो प्रमाण देत हैं कि नामके शरणतें याको कूच मोकामको सोच नहींयह लोकोक्ति है अर्थात् अत्यन्त बेखबर मंद बुद्धि इहां तक कि कूच मोकाम नाम जन्ममरण ताको खबरनहीं ऐसो जो तुलसी ताहू को जगत जानत भयो ॥ १५६ ॥

मू० । सेइये सुसाहिबरामसो । सुखदसुशील सुजानसूर सुचिसुन्दर कोटिककामसो । शारदशेषसाधुमहिमाकहैंगुणगणगायक सामसो । सुमिरिसप्रेमनामयासोंरतिचाहतचन्द्रललामसो । गमनबिदेश नलेशकलेशको सकुचतसुकृत प्रणामसो । साखी ताकोबिदितबिभीषणबैठोहैअबिचलधामसो । टहलसहजजन महलेमहल जागत चारोयुग यामसो । देखत दोषनखीझत रीझतसुनिसेवकगुणग्रामसो । जाकोभयेति लोकतिलकभये त्रिजग योनितनतामसो । तुलसीऐसे प्रभुहिभजै जोनताहि बिधाताबामसो ॥ १५७ ॥

टी० । रामजूको सेवन करनो यह सर्व सम्मत है जेहि रघुवर के महिमाको शारदादि सबकहै हैं तथा सामवेद जाके गुणको गायक है अरु प्रीति पूर्वक नाम स्मरणकरि जासोनाम जेहि रामजूतें प्रीति चाहत हैं चन्द्र ललाम सो नाम शिवजू ऐसो ईश्वर तेहि

स्वामी के सेवाको सुलभता देखावत हैं कि विदेश को गमनशरीरादि क्लेश को लेसऊ नहीं सुकृत नाम एक बेर जो प्रणाम करे तेहते सकुचतनाम याको मैं कहादेउं अर्थात् एक प्रणामको फल बैकुण्ठादि दीनो सोऊ थोरो मानत हैं ताको साक्षी बिभीषण है जनको टहल तो सकृतनाम एकबार प्रणाममात्र तेहि कर्तव्यता तें महल २ नाम समय २ के ऊपर चारोंजो युग सोईयाम चारि पहरकी राची समानतासो। जो स्वामी जागत है कबहूं गाफिल नहीं होते विशेषतें समय २ के ऊपर जैसे द्रौपदी गजेन्द्रादि को समय जानि रक्षा किये तथा दासके दोषको देखिकरिभी खीझत नहीं गुण समूह सुनि करि रीझत हैं ऐसो स्वभाव जाको जेहके शरण भये तें त्रिजग नाम पशु पच्छी योनि शरीर तामसी जाको सोऊ भालु बानरादि त्रिलोक के तिलक नाम भूषण भये तुलसी कहतहैं कि ऐसे प्रभुको जो न भज्यो ताको बड़ा टेढ़ो भवे यह बूझनो चाहिये॥ १५७॥

मू०। कैसेदेउं नाथहिखोरि। कामलोलुपभ्रमतमनहरिभक्तिपरिहरितोरि। बकुतप्रीतिपुजाइबेपरपूजिबेपरथोरि। देतसिखसिखयौनमानतमूढ़ताअसिमोरि। कियेसहितसनेहजेअघहृदयराखैचोरि। संगबसकियेशुभसुनायेसकललोकनिहोरि। करौंजोकछुधरौंसचिपचिसुकृतशिलाबटोरि। पैठिउरबरबसदयानिधिदंभलेतअंजोरि। लोभमनहिं नचाव कपिज्यौंगरें आशाडोरि। बातकहौंबनायबुधज्यौंबरबिरागनिचोरि। इतेऊंपरतुम्हरोकहावतलाजअंचईघोरि। निलजतापररीझिरघुबरदेहुतुलसिहिछोरि॥ १५८॥

टी०। अपने संसार क्लेश हे।बेको मनकी रिंदगी हेतु है प्रभु को दोषनहीं यह कहत हैं आप औरन्हकों सिखावतहैं औरिन्हको सिखायौ आप नहीं मानत जौन पाप कायमन बचनतें कियेसो हृदय मेंचोराइ रखनो काहूके संगबस जो किंचित शुभकार्यकिये तौलोगन्हको निहोरि करि सुनावनो ऐसी टेढ़ी बुद्धिमेरी जो किंचित्शुभ क्रिया करतहैं। ताको सचिपचि नामबड़े यत्नकरि हृदय बिषे धरतहैं। सुकृत जो पुण्य सो शीला नाम खेत को पड्यो जो दाना ताकों बीनिकरि एकठौर करनो तेहि तुल्य जो पुण्य बटोरयौ अर्थात् थोड़ा ताहूकों दंभ जो पाखण्ड सो, हृदयमो पैठि बरबस नाम हठ करि

अंजोरि नाम खोजिलेतहै अर्थात्‌जोकछ किंचित्‌ पुण्यकियेसो दंभते नाश होतहै बन्दर समान आसारूप डोरीते बांधिकरि लोभ नचावत है पर बात बनाय करि पण्डित की नाईं श्रेष्ठ जो बैराग्य ताकौं निचोरि नाम साराँश रूप कहत हैं। इतने दोषन्ह के पात्र होकरि तब छ तुम्हारो कहावत हूं तौहे प्रभु लाज कों घोरि पिये सो अब निर्लज्जताके ऊपर रीझिकरि हे रघुबर मोकौं संसार बंधनतेंछोड़ायदेव अर्थात्‌ प्राकृत राजा सब भांड अरु बहुरूपी के ऊपर प्रसन्न होकरि अयाची करिदेतहैं तैसें हमजो निर्लज्जभये तोत्रैलोक्यनाथ तुलसीको संसार छोड़ायदेत निर्लज्जहोकरि नाचबेको यही इनाम है अरु ऐसोजीव निर्लज्जनकल करि रिझावने वालेभी महाराजन्ह की सभामें रहतहैं अन्यत्र इनको समाई नहींऐसो बूझिकरि रीझो तथा शरण देव यह बिनय है ॥ १५८ ॥

मू०। हैप्रभुमेरोईसबदोसु। शीलसिंधुकृपालनाथ अनाथआरतपोसु। बेषबचनबिरागमन अघअवगुननि कोकोसु। रामप्रीतिप्रतीति पोलोकपटकरतबठोसु। रागरंगकुसंगही सौंसाधुसंगनिरोसु। चहतकेहरिजसहिसेइस्रगालज्योंखरगोसु। शंभुसिखवनरसनिहू नितराम नामहिं घोसु। दंभहूं कलिनाम कुम्भजशोच सागरसोसु। मोदमंगलमूलअति अनकूलनिजनिरयोसु। राम नामप्रभाव सुनितुलसिहुंपरमसन्तोसु ॥ १५९ ॥

टी०। यद्यपिमेरो सब दोषहै तथापि अपनी ओरदेखि पोसुनाम पालन करो हे प्रभु अपनो दोष देखावतहैं बेषबचनमो तो बैराग्य है अरु मन पाप तथा नाना औगुण को कोसु नाम भंडार है तथा रामजू बिषे प्रीति प्रतीतितो पोलोनाम अबल अरुकपटको करतब ठोसुनाम जबर कुसंग बिषे प्रीति करि रंगे हैं। साधु संगतिमो रोसु नाम क्रोध होतहै सोकैसी मेरी अज्ञता है कि जैसे सिंहके यश को खरगोश नाम ससहा चाहै स्रगाल को सेवन करि अर्थात्‌ ससहा सदृश जो मैं स्रगाल तुल्यकुसंग जोसंसारी जीवन्ह को संग तेहिकरि सिंह रूपजो भगवत्‌ भक्त ताके यशको चाहतहौं तौ स्रगालते लम्हाकय बचैगो अर्थात्‌ यशप्राप्तकी कामना तोरही अपनेः वचनोहीं दुर्घटहै शिवजूकी शिक्षाहै जीव प्रतिकि जिह्वातें निति प्रति रामको घोसु नाम घोखु अर्थात्‌ कहत रहु काहे कि दम्भहूकरि कलिकाल बिषे नामरूप अगस्त्य शोच रूप समुद्र को सोसुनाम सोखत हैं सो

रामनाममोद मंगलको मूलहैअरु निजनाम अपनो जोभक्त तेहि पर सानुकूल निरजोसु नाम ताको महिमा बेजोख अर्थात् बेप्रमाण है यह प्रभाव राम नाम को सिद्वांत तें सुनि करि तुलसी को भी परम संतोष होतहै अर्थात् हे भगवन् आपके नामको अवलंबहै॥ १५९॥

मू०। मैंहरिपतितपावनसुने। मैंपतिततुमपतितपावनदोउबानिकबने। व्याधगणिकागज अजामिलसाखिनिगमनिभने। औरअधमअनेकतारेजातकापैगने। जानिनामअजानिलीन्हेंनरकयमपुरमने। दासतुलसीशरणआयोराखियेआपने॥ १६०॥

टी०। स्वामीते अपनो संबन्ध देखावतहैं बानक नाम बाना यह संबंध करि और उनको कल्याणभयोहै सोकहिकरिजनावतहैं काहु प्रकार जानि करि महिमा अथवा अज्ञान ग्रहण करे तो यम लोक के जोनरकादि को मने होतहैं यह विचारि तुलसी आप के सम्मुख आयो है अपने शरणमे राखो हे रघुवर॥ १६०॥

मू०। तोसे प्रभु जोपैकहूंकोउहोतो। तौसहि निरादरनिशिदिनरटैलटिऐसोघटिकोतो। कृपासुधाजलदानमानिबो कहैसोसांचनिसोतो। स्वातिसनेह सलिलसुख चाहत चितचातकसोपोतो। कालकर्मवशमनकुमनोरथ कबहुं कबहुं कछुभोतो। ज्योंमुदमयबसिमीनबारितजिउछरिभभरिलेतगोतो। जितोदुराउदासतुलसीउरक्योंकहिआवतओतो। तेरेराजराय दशरथके लयेवयेबिनुजोतो॥ १६१॥

टी०। चेतकहोकिऔरकेशरणमेतो हेप्रभु जोआपऐसोस्वामीकोउदूसरो कहूं नाम काहू स्थान मे होतो तो निपट निरादरता सहिकरि रात्रि दिवस रटिरटि लटतहौं सो ऐसो कौन घटती रही अर्थात् जब दूसरो कोउ नहींतब दरवाजे पर पड़िकरि यहतिरस्कार सहत हौं कृपारूप अमृत तुल्य जो जलताके दान के दाता आपहौ मैं जो कहत हौं सोतो सांच निमानिबो नाम सत्यकरि जानो स्नेह तुम्हारे चरणको सोई स्वाती नक्षत्रको करि जोसुखसो जलतुल्यताको मेरो चितरूप जो चातकको पोत नाम बालकसो चाहत है अर्थात् पपीहाकी निष्ठा मेरे चितने ग्रहण कियो है आपके चरण के अनुराग बिना दूसरो जीवन नहीं है बालक कहे ताकोयह तात्पर्य्य है कि प्रबल जो पपीहा सो स्वाती के जल नहीं मिलेतें कोई दिन जीवै भी परबालक को शरीर नाशहोते देरनहीं ऐसो विचारि अबढील

मतिकरो कालकर्म के बसमनको कुत्सित मनोरथ कबहूं काकु भोतो नाम होत है अर्थात् पूर्व पपीहाको निष्ठा कहे ते हतें बिपर्यय बुद्धि कालादिकेप्रबलताकरि कबहूं होति है ताको दृष्टांत दे करि देखावतहैं कि जैसे आनन्द अरुभयतें केवल मछली जलत्यागिकरि उछलेहै फेरि भभरि नाम डरिकरि गोतो लेति है अर्थात् जलके भोतर आनन्दकरे है कबहूं अति आनन्दतें उछलि करि बाहर पड़ी तो फेरि भयतें डूबिजाति है तैसें हम पपीहाकी निष्ठा ग्रहणकरि सुखीरहतहैं कबहूं कुत्सित मनोरथ को उदय ह्वै आवत है सोई मछली को उछलिकरि बाहर आवनो भयोफेर ज्योंमछली डरिकरि डूबिजातहै तथा मैंहूं कुत्सित मनोरथ को त्यागकरि फेर अपने निष्ठा को ग्रहण करत हैं। यह समता है जितनो दुराउ नाम कपट तुलसीदास के हृदयमोहै उतनो क्योंकरि कह्योजाय अर्थात् अधमता मेरी अनन्त है तथापि यह विश्वास है कि तुह्मारे राज्य बिषे हे महाराज दशरथ के पुत्र बिना भोते बोये प्रजा सब खेत काटिलेत हैं अर्थात् आप के प्रभावतें साधन रहित जो जीव सोऊ फलके भोक्ता होतहैं मोको येही आश है॥ १६१॥

मू०। ऐसोकोउदारजगमाहीं। बिनसेवाजोद्रवैदीनपरराममरिसकोउ नाहीं। जोगतियोग बिरागयतनकरि नहिंपावतमुनिज्ञानी। सोगतिदेतगीधशबरीकहंप्रभुनबहुतजियजानी। जोसंपतिदशशीशसाधिकरिरावणशिवपहंलीन्हीं। सोसम्पदाविभीषणकहु अतिसकुच सहित हरिदीन्हीं। तुलसिदाससब भांति सकल सुखंजौचाहसि मनमेरो। तौभजुराम काम सबपूरणकरैंकृपा निधितेरो। ॥१६२॥

टी०। श्रीरामजू सदृश उदार दाता कोऊ नहीं यह मनको उपदेश करतहैं पूर्व कह्यो जो उदारता ताको बिचारिकरि सबप्रकार ते सकल सुखको जो चाहत है रे मेरे मन तो रामजू को भजु सब कामना तेरी पूर्ण करैंगे काहे कि कृपाके समुद्रहैं बिमुख तोको न करेंगे ऐसो प्रतीति करु॥ १६२॥

मू०। एकइदानिशिरोमणिसांचो। जहंयाच्योसोइयाचकतांबसिफिरि बहुनाचननाच्यो। सुरस्वारथीअसुरसुरनरमुनिकोउन देत बिनु पायें। कोशलपालकृपालकल्पतरुबमितसकलयशिरनाये। हरिहू औरअवतारआपनेराखीवेदबड़ाई। लैचिउरानिधिदईसुदामहिं

यद्यपित्रालमिताई। कपिशवरीसुग्रीवविभीषणको। कोनकियोअ-
याची। अबतुलसिहिंदुखदेतदयानिधिदारुणआसपिशाची १६३॥

टी०। दानिन्ह को शिरो भूषण एक सांचो श्रीरघुबर हैं तेहिको जेहि जीवने याच्यो सो याचकतां के बस फेरि बहुत नाच न नाच्यो नाम अनेकन्हतें याचना न कियौ अर्थात् रघुबरके याचेतें आपदानी होतहै तौ औरते काहेको याचै और जो देवादि तेहितें रघुबरकेदान कोपरत्व कहतहैं पहिले तुकसो और देवतन्हतें परत्वकह्यौ अब अन्य भगवत अवतारन्ह तें भी श्रेष्ठ कहत हैं कि हरि जो विष्णु सो औरे अपने अवतारविषे वेदकी बड़ाई राखी नाम किये व्यतिरेक जीवन पावेहै जो देतहै सोई लेतहै यह बेद मर्य्याद है ताकों देखावत हैं कि यद्यपि बाल्य की मित्रता तथापि कृष्णचन्द्र स्वामी सुदामा को निधि नाम सर्ब ऐश्वर्य्य दई पर वेद मर्य्याद रखबे के निमित्त चूरा लैकरि अब श्रीरघुबर की उदारता कहत हैं कपि जो सामान्य त-सब बानर कों काको नाम कौन २ कों अयाचो न कियौ अर्थात् कोल भील अरु अयोध्या के सब प्रजा तथा सब अवतारनतें अधिक उदा-रताको मुख्यहेतु अहल्या है कि जड़ता बस जाने एक बार प्रणामऊ न करी ऐसी उदारता कहि करि अब अपनी विनय करत हैं कि तुलसी की कठिन जो आशारूप पिशाची सो दुख देत है हे दया-निधि यह चुड़ैल को छोड़ावो॥ १६३॥

मू०। जानतप्रीतिरीतिरघुराई। नातेसबहातेकरिराखतरामसनेह-
सगाई। नेहनिबाहिदेहतजिदशरथकीरतिअचलचलाई। ऐसे-
हुंपितुतें अधिकगीधपरममता गुणगरुआई। तियबिरहीसुग्रीव
सखालखि प्राणप्रिया बिसराई। रणपरौ बन्धुबिभीषणहीको
शोचहृदयअधिकाई। घरगुरुगृहप्रियसदनसासुरेभइजबजहंपहु
नाई। तबतहंकहिशबरीकेफलनकी रुचिमाधुरीनपाई। सहज
स्वरूपकथामुनिबरणतरहतसकुचिशिरनाई। केवट मीत कहत
सुखमानतबानरबंधुबड़ाई। प्रेमकनौड़ौ राम सो प्रभु त्रिभुवन
तिहुंकालनभाई। तेरोरिनीहोंकह्योकपीससौं ऐसीमानिहैंको
सेवकाई। तुलसीरामसनेहशीललखिजौंनभक्तिउरआई। तौ
तोहिजन्मिजायजननीजड़तनतरुणतागंवाई॥ १६४॥

टी०। प्रीति की रीति तो केवल श्रीरामजू जानतहैं सब नातें को-हातेनाम त्यागि करि केवल नेहकी सगाई नाम नाता राखतहैं पूर्व

कह्यो जो स्वामी को स्वभावसो प्रमाण दे करि दृढ़ करत हैं सुग्रीव को स्रीविरही जानिकरि प्राणप्रिया जो श्रीजनकनन्दिनी सह रामीताकों बिसरायकिये अर्थात् चारिमहीना प्रवर्षण पर्वतके ऊपर केवल सुग्रीव के सुख देबेके निमित्त रहे तथा लक्ष्मणजू को शक्तिलगी तब बिभीषण को शोच करत भये अपनो घर जे हवरके ऐश्वर्य्य कों देखि इन्द्रादि सिहात हैं गुरु जो बशिष्ठ जू साक्षात् ब्रह्मा के पुत्र अरु परमेश्वर के गुरु ताके गृहमो जहां अष्टसिद्धि नवनिधि दासी ह्वै करि रहति हैं तथा प्रियमन्दिर सासुरे नाम ससुरादि को जहां महाराज जनक जू विद्यमान जाके हाथमों प्राप्तहोऊलोक तहां २ जब पहुनाई भई अर्थात् सामान्य मनुष्यन्ह के पहुनामो विशेष भोजन होत है तहां त्रैलोक्य नाथ के पहुनाई के भोजन को को कहिसके पर तहां २ तीने भोजन के समय यही कहत भये कि जो रुचि अरु जो माधुरी शबरी के बेरनमो मिली सो नहीं प्रेम परबसता को यहअवधि है जाको मङ्गल स्वरूप नाम सतचित आनन्द स्वरूप की कथा वामे बात्ती मुनि सब बखान करत सकुचकरि माथ नवाय कहतहैं अर्थात् मन बुद्धि बानी तें अगोचर जानतहैं सोई रघुबर केवट के मित्र कहे ते सुखमानत हैं बानर जो सुग्रीव ताके भाई कहेते अपनोबड़ाई बूझत हैं महावीर के रिनी भये इन हेतुन्ह करि केवल प्रेमते सनौड़ो नाम परबस होनो यह स्वभाव अद्वितीय सो रामजू ऐसे रामजू हैं दूसरो नहीं तुलसी कहत हैं कि रामजू को शील सनेह लखिनाम जानिऊ करि जो भक्ति हृदयमो न आई तौ रेजड़जीव तोको जननि नाम उत्पन्न करि जांय नाम व्यर्थ माताने अपने शरीरकी जवानी खोई है अर्थात् व्यर्थ जन्म भयो ॥ १६४ ॥

मू०। रघुबररावरियहै बड़ाई। निदरिगनीआदरगरीबपरकरत कृपा अधिकाई। थकेदेवसाधनअनेक करि संपनेहुंनहिंदईदिखाई। केवटकुटिलभालुकपि कौनपकियो सकलसंगभाई। मिलिमुनि वृन्दफिरतदण्डकबनसोचरचौनचलाई। बारहिंबारगीधशवरी की बरनतप्रीतिसुहाई। स्वानकहेतेकियेंपुरबाहर तजीगयन्द चढ़ाई। सियनिन्दक मति मन्दप्रजारज निजनय नगरबसाई। यहदरबाररदीनकोआदररीतिसदाचलिआई। दीनदयाल दीन तुलसीकोकाहुनसुरतकराई ॥ १६५ ॥

टी०। हेरघुवर तुम्हारी इहै बड़ाई है कि गनी जो तालेवर ताको

निरादर गरीब को आदर करि अधिक कृपा करनो पूर्व कह्यो जो गरीब नेवाजी ताको प्रमाण दै करि दृढ़ करत हैं कौनप नाम निशिचर गरीब नेवाजी विषें गिद्ध शबरी को प्रसंग अवधि है स्वानजती अरु अजारज नाम धोबी जो प्रजा ताको प्रसंग पीछे लिखि आये हैं ऐसऊ को निज नाम अपनो नय नाम नवीनता नगर तामे बसायो सर्वथा दूसद रबार विषें दीन जीवन्हको आदर करनो यह रीति चलि आई है तहांमे निरादर होत है हे दीनदयाल सो ऐसो बूझि पड़ै है कि दीन जो तुलसी ताकी सुधि न नाम यादि आप को काहूने न कराई है १६५ ॥

मू० । ऐसे राम दीन हितकारी । अति कोमल करुणा निधान बिनु कारणपर उपकारी । साधनहीन दीन निज अघबस सिला भई मुनि नारी । गृह ते गवनि परसि पद पावन घोर शापते तारी । हिंसारत निषाद तामसबपु पशु समान बनचारी । भेट्यो हृदय लगाय प्रेमबस नहिं कुल जाति बिचारी । यद्यपि द्रोह कियो सुरपति सुत कहि न जाय अति भारी । सकल लोक अवलोकि शोक हत शरण गये भय टारी । बिहंगयोनि आमिष अहार पर गीध कवन ब्रतधारी । जनक समान क्रिया ताकी निज कर सब भांत संवारी । अधम जाति शबरी योषित शठ लोक वेद ते न्यारी । जानि प्रीति दै दरश कृपानिधि सोउ रघुनाथ उधारी । कपि सुग्रीव बन्धु भय व्याकुल आयो शरण पुकारी । सहि न सके दारुण दुख जनके हत्यो बालि सहि गारी । रिपु को बंधु बिभीषण निशिचर कौन भजन अधिकारी । शरण गये आगे ह्वै लीन्हों भेट्यो भुजा पसारी । अशुभ होइ जिन्हके सुमिरन ते बानर रीछ बिकारी । वेद विदित पावन किये ते सब महिमा नाथ तुम्हारी । कहं लगि कहौं दीन अगणित जिन्हकी तुम बिपति निवारी । कलिमल ग्रसित दास तुलसी पर काहे कृपा बिसारी ॥ १६६ ॥

टी० । पूर्व कह्यो जो स्वामी को स्वभाव वाही को अनेक हेतु ते पुष्ट करत हैं बिनु कारण नाम जीव की कर्तव्यता बिना उपकार करनो पहिले तुकमे बिनु कारण कृतार्थ करनो कहे ताको अहिल्या मुख्य प्रमाण है कि जाने एक बार प्रणाम ऊ न करी काहे कि पषाण कौन कर्तव्यता करै तेहि को आपै जाय करि कृतार्थ किये यह तुकमे प्रीति की परबसता देखाये जयन्त सकल लोकमे भागि करि गयो तब पिता जो इन्द्र ताके निकट आयो रामजू को द्रोही बूझि इन्द्र ऊ नहीं राखि

सकै तब बाहि २ करि नारदजी के उपदेशतें शरण भयो शोकतें हत नाम नष्टरह्यो ताको भयदूरि किये यह प्रसंग करि शरणागत रक्षकत्व देखाये तहां चेत ऐसो संदेह होयकि शरणभयेपर आंखि फोड़नो यह उत्तम धर्म नहीं है ताको यह हेतु है कि प्रथम बाण छूटि चुक्यौ पश्चात् शरणभयो तौऐसो शास्त्रको सम्मत है कि भगवान को अस्त्रशस्त्र निष्फल नहीं होत यह हेतुते एकनेत्र भंगकरि अपने शस्त्रकी महिमाकों रखिकरि रक्षा किये तथा शास्त्रके सम्मतकरि ऐसो निश्चै होत है कि भगवान प्रति अपराध जो जीवकरे सो बिना दण्डक्षमा करतहैं पर भक्तन्हके अपराधकौं जो करे तौ दण्डबिना माफ नहीं करते सो जानकीमहारानी साक्षात् लक्ष्मी पादसेवन भक्तिकी मुख्य अधिकारी ताके चरणमो चोंचमारि रक्तबहायो तेहिदुष्टकौं इतनो दण्डपरमअनुग्रह है मांसभक्षणकरि हिंसाहोत है सोहिंसासर्वपापको मूलहै यहगृद्धके प्रसंगकरि अधमोद्धारण बाना जनायेपर नाम तत्पर एकतो जातिअधम दूसरे शवरी स्त्री मात्रजो असुचिरूप काहेकि स्त्री शुद्धकबहीं नहीं होति तीसरे शठनाम स्त्रीभावको समुझ नहीं विशेष तें नीचजातिकीस्त्री कौं शठता स्वाभाविकहै चौथे लोक वेदतें न्यारी नामबाहर अर्थात् लोकमो जो स्पर्शकरैतो स्नानादि क्रियाकरि शुद्ध होय तथा वेदऊ निन्दाकरे हैं तेहि शवरीकों कृतार्थ किये दर्शनदै केवलप्रीति अपने विषय जानिकरि यह प्रसंगतें पतितपावन जोबाना ताकौं निश्चय किये सुग्रीव के अर्थ बाली को मारयो गाली सहिकरि अर्थात् बाण लगे पीछें बहुत दुर्वचनबाली कह्यौ है तथा ओटमोह्वै करि मारे यह क्षत्रीको धर्म नहीं लोकवेद दोऊमो निन्दाहै तहां यह संदेह होतहै कि ईश्वर सर्वसामर्थ युक्त सो ऐसो अधर्मकाहे किये तामो यह हेतु है कि बाली को मुनिकों बरदान रह्यौ कि जो कोऊ शत्रु सन्मुख आवे ताको बल बाली मो प्राप्त होय तेहि हेतु अपने निन्दाकौ स्वीकार किये पर मुनि जो अपनो भक्त ताके बरदानको मिथ्या न किये तथा स्वामी यह विचारे कि मेरे दर्शन भये जीवको अज्ञान नहींरहत तो सन्मुखभये बालीनौं शरणहोय तो पूर्व सुग्रीवतें बालीके बधको प्रतिज्ञा किये सो मिथ्या होय मेरी प्रतिज्ञा के मिथ्या भये जगतको नाश होय तथा क्षत्रीको शिकार खेलनो धर्म है तेहिशिकारमो सर्वदा आड़लैकरि पशुमारयौ जात है तेहिते मोकों अधर्म नहीं इनहेतुन्हतें ओटह्वै करि बालीकोंमारे

तथा यह संदेह होयहै कि अपनो कार्य रावणादिको बध सो परिश्रम रहित बालीकरत तब बालीकों छोड़ सुग्रीवकौं क्यौंग्रहणकिये तामें यह हेतुहै कि बालीके ग्रहणकिये दीनबंधुता अपनी नहीं रहत तथा सुग्रीवतें बालीको संबन्धहै काहे कि सूर्यके पुत्रहैं अरु बालीको अवतार सूर्यवंश विषेभयो तो अपनोगे त्यागकरि और को ग्रहणकरनो केवल अपने मतलबके वास्ते यह धर्मशास्त्र विरुद्ध है यह हेतु हृकरि सुग्रीव को शरण दियें यह प्रसंग करि असरण पाना विदित किये अब बिभीषण के प्रसंग करि अरु समुदाय तें बानर भालुमात्र तो विकाररूप तेहि सबके कृतार्थ किये तें दीन बंधुता निश्चयकिये एतेकौ गनाय करि कहतहैं कि असंख्य दीन जीवन्हकी आप बिपत्ति दूरकिये सो कितनो बड़े मलरूप जो कलिकाल सो तुलसीदासको ग्रास करत है तेहि पर काहे आप कृपा को बिसारे यह नहीं बुझिपड़त सो ऐसे नचाहिये यह पद अक्षरार्थ करि सुलभ है तेहितें छोड़ि करि तुकान्ह को अभिप्राय मात्र लिखे प्रथम ॥ १६६ ॥

मू०। रघुपतिभक्तिकरतकठिनाई। कहतसुगमकरनी अपारजाने सोइ जेहिबनिआई। जोजेहिकलाकुशलताकहं सोइ सुलभ सदासुखकारी। सफरीसन्मुखजलप्रवाहसुरसरीबहैगजभारी। ज्यौंसर्करामिलै सिकतामहंबलतेंनकोउबिलगावै। अतिरस सूक्ष्मपपीलिकाबिनुप्रयासहीपावै। सकलदृश्यनिजउदर मेलिसोवैनिद्रातजियोगी। सोइहरिपद अनुभवपरमसुख अतिशयद्वैतवियोगी। शोकमोहभयहर्षदिवसनिशिदेशकाल तहंनाहीं। तुलसिदास एहिदशाहीन संशय निरमूल न जाहीं॥ १६७ ॥

टी०। रामजू की भक्ति करते बड़ी कठिनताई है तहां सन्देह होतहै कि अनेक प्रसंगमें भक्तिकौ सुलभकहे यहां कठिन कहतहैं सो कैसेबने ताको समाधान अगिलेतुकातें कहत हैं कि कथन मात्र में सुगमहै पै भक्ति की कर्तव्यता अत्यन्त अपारहै सोई जाने जेहि तें बनिआई अर्थात् कल्याण जीव को भक्तितें सुलभ करि होत है काहे कि नामोच्चारणादि भक्तिको अङ्ग है तेहितें जीवको कल्याण वेदशास्त्रगावैहै यहितें सुलभकहतहैं अरु भक्तिके जिज्ञासूको कर्तव्यता समुझ अत्यन्त दुस्तरहै तेहितें कठिनहै अरु दूसरो समाधान

करतहैं जो जैसे कालमें प्रवीणह्वैगयो ताकोसो सुलभहै अरुसर्वदा सुखकारीहैत। सो दृष्टान्तदेतहैं किसफरी जोछोटी मछली धाराके सन्मुख चलति है बड़ो उन्मत्त हाथी अति प्रबलसो गंगाजूमें बहि जातहै अब तेहिसमाधानमें दूसरो दृष्टान्तदेतहैं जैसे शर्करानाम चीनी सिकता जोबालू तामें मिलिजायतो अनतें नाम कैसेऊ बल-वानहोय पर बिलग न करिसकै औरहै अतिरसको जाननेवालो सूक्ष्म जोपिपीलिका नाम चिउंटी सो बेपरिश्रम पावैहै तैसेजाको श्रोभक्ति महारानी प्राप्त ह्वैचुकी ताकों सुलभ है और जेहि को प्राप्त नहीं तेहिकों कठिन जानि पड़तहै अर्थात् अधिकारी भेदतें कठिन सुलभ दोऊ कहतहैं अब समाप्तपर्यंत सिद्धाभक्तिको स्वरूप कहत हैं सकल दृश्य जो जगत सो अपने उदरमें मेलिनामप्रवेश करि सोवे पर निद्रात्याग करि ऐसो जो योगी अरु अतिशयकरि द्वैत बुद्धितें वियोग याकों सोई भगवत पद परम सुखरूप ताको अनुभवकरैहै अन्यनहीं अर्थात् उदरतुल्य विचार तामें परमेश्वर ते भिन्न दूसरोपदार्थ कछुहै नहीं यह निश्चय सोई मेलन करनो भयो निद्रा त्यागकरि सोवनो कह्यौ ताको यह अभिप्राय है कि निर्विकल्पिक जो समाधि यामें द्वैतबुद्धिको नाश है सोई सोवनो तुल्य तेहि अवस्थामें प्रकृत निद्राको अभाव है यह हेतु तें निद्रा तजिकहे सोयौ कह्यौ सोसुषुप्तिअरु समाधि दोऊमें द्वैतबुद्धिको लयहै तेहितें सोयबेको समताभयौ तहां सुषुप्तिविषै यद्यपि द्वैत बुद्धिनहीं रहति तद्यपि तमोगुणको आधिक्यहै अरु समाधि विषैं अद्वैत निष्ठा कृत्रिम है अर्थात् समाधि सुषुप्ति सदृश जाग्रत विषैं जब अचल निष्ठाहोय कि परमेश्वरतें भिन्न दूसरी वस्तुकछु तीनों कालमें नहींहै तब भगवत्पद परमसुखरूप प्राप्त होत है ताकों सिद्धाभक्ति कहिये यह अर्थहै कह्यो। जो सिद्धाभक्ति ताको स्वरूप देखावत हैं कि तेहि निष्ठा मे शोकादि को विभाग नहीं रहत अर्थात् जब दूसरी वस्तु नहींतो विभाग केहको होय तुलसीदास कहतहैंकि पूर्वकह्यौ जोदशा तेहिबिना निर्मूल संसार रूपसंशय नहीं जात यह सिद्धान्त है ॥ १६७ ॥

मू०। जौपैरामचरणरतिहोती। तौकतत्रिबिध शूलनिशि वासर
सहते बिपतिनिसाती। जोसन्तोषसुधानिशिवासर सपनेहुं
कबहुंनपावै। तौकतविषयबिलोकिझूठजलमन कुरंगज्यौं

धावे। जौंयौंपतिमहिमाबिचारि उरभजतेभावबढ़ाये तौ कतद्वारद्वाररकूकरज्यौंफिरतेपेटखलाये। जेलोलुप भये दास आसकेतेसबहीकेचेरे। प्रभुबिश्वास आसजीतोजिन्हते सेवक हरिकेरे। नहिंएकौंआचरणभजनकोबिनयकरत हैं। ताते। कीजैक्रपादासतुलसीपरन यनामकेनाते॥ १६८॥

टी०। अब भक्ति प्राप्तको लक्षण कहत हैं कि जोये श्रीराम जू के चरण विषैं प्रीति होती तौ काहे को दिन राति बिपत्ति को निसोती नाम प्रवाह तेहिकरि त्रिविधि शूल सहते जौ सन्तोष रूपो अम्रत रातिदिनमो कबहूं स्वप्नमेंाभी पावे तो काहेको। विषय जोझूठ जलनाम म्रगतुल्य ताकौं देखि यह मन हरिणकी नाईं दौड़े हूं हां द्वारद्वार सहस्र लौकिक पारलौकिक नाना साधन यावत् जगत सम्बन्धी विषयादि सुखकी आशालगीहै तावत् भगवत दास होने को प्रतीति नहीं काहे कि समस्त जगतको दास बन्योहैतब तेहि आशाकौंजीते तब भगवत् दासहोय लोलुपनाम चंचलकेवल नामके नाताकरि क्रपाकरो यह विनय है॥ १६८॥

मू०। जोपोहिंरामलागतमीठे। तौ नवरस षटरसरस अनरसह्वै जातेसबसीठे। बञ्चक विषयबिबिधि तनधरिअनुभवेसुने अरु डीठे। यहजानतहौं हृदय आपने सपनेन अघाइ उबीठे। तुलसिदासप्रभुसौंएकहिबलबचन कहतअतिढीठे। नाम कि लाजरामकरुणाकरिकेहिनदियेकरिचीठे॥ १६९॥

टी०। फेरि पूर्वपद के सिद्धान्त कों दृढ़ करतहैं जो मोकोंराम जूमीठे लगते तो नवरस जोश्रृंगार करुणा शान्त विभत्स भयानक रौद्र वीरहास्य अद्भुत सो प्राक्रत मनुष्य सम्बन्धी अरु षट्रस जोकटु अम्ल लवण तिक्त कषाय मधुर यह जो छवोरस भगवत् निवेदिततें भिन्न तामें रस मानि रह्यौहै सो रस रहित ह्वैकरि सीठे नाम सीठो ह्वै जाते अर्थात् मन एक जो विषय में अनुराग भयौ तौ परमेश्वर विषय प्रीति का करै यह सन्सार सम्बन्धी जितने विषयहैं सो बञ्चक नाम ठगहैं अर्थात् जीवके ज्ञानादि ऐश्वर्यकों हरणकरत हैं यह बिबिधि तनधरि नाम जैसे जैसे कर्म किये तैसे तैसे शरीर धरिकरि अनुभव आपउकिये अरु सज्जनन्ह के मुखकरि सुने तथा डीठे नाम प्रत्यक्ष देखे की विषय सम्बन्ध करि केवल दुखय भोग होतहै यह जानिऊं करि अपने हृदय ते स्वप्नऊं में तेहि विषतें

तृप्ति होकरि मनउबिछ्यो नहीं अपनेमें कोऊ लक्षण आपके शरण मेंरहबेयोग्यनहीं है परतुलसीदास प्रभुसों एकैबलकरि ढीठ ह्वै वचन कहत है कि अपने नामकी लाजकरि हे नाथ करुणाकरि केहकों संसाररूप बंधनतें आपछूटबेकी चिट्ठी न करिदिये अर्थात् यह लोक में प्रसिद्ध है कि जहां २ हाकिम की चौकी रहति है तहांतें चिट्ठी भये व्यतिरेक आगे नहीं जानेपावत जब हाकिम के ओरतें छुट्टी की चिट्ठीहोतिहै तब कोऊ नहीं रोकततद्वत् ॥ १६९ ॥

मू०। यौंमनकबहूंतुमहिंनलाग्यौ। ज्यौंछलछांड़िसुभाव निरन्तर रहतविषयअनुराग्यौ। जौंचितदै परनारिसुने पातकप्रपञ्च घरघरके। त्यौंनसाधुसुरसरितरङ्ग निर्मलगुणगुणरघुबरके। जौंनासासुगन्धरसबसरस नाषट्रसरतिमानी। रामप्रसाद मालजूठनलगित्यौंन लक्किललचानी। चन्दनचन्दवदनिभूषण पटज्यौंचहपांवरपरस्यौ। त्यौंरघुपतिपदपद्मपरसकों तनपातकीनतरस्यौ। ज्यौंसबभांति कुदेव कुठाकुरसेये वपु बचन हियेहूं। त्यौंनराम सुकृततज्ञ सकुचतसुकृत प्रणामकियेहूं। चञ्चलचरणलाभलगि लोलुपद्वार द्वारजगबागे। रामसीय आश्रमनचलतसपनेनभयेश्रमितअभागे। सकलअङ्गपदबिमुख नाथमुखनामकिओटलईहै। है तुलसिहि परतीतिएकप्रभु मूरतिकृपामईहै ॥ १७० ॥

टी०। स्वभाविक मननहीं लगत तामें दृष्टान्त देतहैं अबनेत्र अरु कर्ण अपने उचित विषयमें स्वाभाविक नहीं लागतहैं ताको दृष्टान्तदिये जिह्वा अरु नासिकाकों पूर्ववत् कहत हैं अब शरीर कौं तैसेही बनावतहैं यह तुकमें कायक वाचिक मानसिकतीनौं व्यापार को निन्दा करतहैं अगिले तुकमें चरण कौं धिक्कारदेत हैं बागेनाम फिरते सकल अङ्गनाम सबसाधन तथा आपके पदतें यह बिमुख हैं हे नाथ केवल नामकी ओटलई है सोऊ मुखनाम मुखमात्रते हृदयविषे सम्यक् निष्ठा नहीं तथापि तुलसी कौं एक प्रतीतिहै कि प्रभुकी मूर्ति कृपामय रूपा है ॥ १७० ॥

मू०। कीजैमोकौंजगजातनामई। रामतुमसेशुचिसुहृदसाहिबहि मैंशठपीठिदई। गर्भबासदश मासपालि पितुमातुरूपहित कीन्हों। जड़हि विवेक सुशीलखलहि अपराधिहि आदर दीन्हों। कपटकरौंअन्तर्यामिहुंसौंअघव्यापकहिदुरावौं।

ऐसेहु कुमति कुसेवक पर रघुपति न कियो मन बावों। उदर भरौं किंकर कहाइ, बेच्यो विषयनि हाथ हियो है। मोसे बंचक को ह्यां गाल छल छाड़ि कै छोह कियो है। पल पल के उपकार रावरे जानि बूझि सुनि नीके। भिद्यो न कुलिसहु ते कठोर चित कबहुं प्रेम सिय पी के। स्वामी की सेवक हितता सब कछु निज सांइ दोहाई। मैं मति तुला तौलि देखी भई मेरिहि दिसि गरुआई। एतहु पर हित करत नाथ मेरो करि आयो औ रिकहैं। तुलसी अपनी ओर जानियत प्रभुहि कनौड़ोई भरिहैं ॥ १७१ ॥

टी०। स्वामी को उपकार अपने ऊपर विचारि अरु अपनी विमुखता देखि धिक्कार मानत हैं स्वामी के उपकार को देखावत हैं जड़कों विवेक दियेहु ये अर्थात् बाल्य अवस्था जड़ है सोई आगे शास्त्रज्ञ होतहै अरु युवावस्था में खलई होतिहै तामें सुशीलता तथा वृद्धवस्था अपराधी है काहेकि पौरुषके अभावकरि शुभ कर्मादि को आचरण नहीं करिसकत ताहू को आदर देतहो अर्थात् जबही सन्मुख होय तबही अनुग्रह करतहो एकतो तें अपनी अधमता दूसरेते स्वामीकी कृपालुता जनावतहैं आपको दासकहाय पेटपालन करतहों पर हृदय को विषयन्हके हाथ बेचिदिये ऐसो जो मैं ठग ताहूको आप जो कृपालु सो मेरे छल छिद्ररूप दोष त्यागकरि छोहकियो अर्थात् मनुष्यशरीर दियेहौ तथा जो छोह न करते तो कपटकरि भी आपके नामकी ओट न लेते प्रभु को उपकार नीके प्रकार जानि बूझि सुनिकरि भी कबहूं रघुबर को प्रेम चित में न भिद्यानाम न प्रवेश कियो तो बज्रहू तें अधिक कठोर है अब अपने अधमताकी अवधिदिखावतहैं स्वामीको सेवकविषें हित की कर्तव्यता सो सब लिये अरु अपने स्वामी विषें विषमतारूप जो द्रोहमें कछुलिये मतिरूपी तराजूकरि मैं तौल करि देखी तो मेरीही दिशि गरुआई नाम पलरा नीचेको गयो पूर्वकह्यो जो अपनी अधमाई इतनेहूपरस्वामी हितकरतहैं अर्थात् कृपाकटाक्षकरि न देखते तो यह बुद्धि कैसे होती तथा जन्मान्तर विषें हितकियो है अरु आगे करैंगे यह प्रतीतिहै अर्थात् वर्त्तमानते भूतभविष्य दोऊ को बोध होतहै अपनी ओर जानियत नाम देखतहैं अर्थात् जीव एक बेर प्रणामकरै ताको कल्याण करनो यह मेरोमतहै यह विचारंते प्रभु कनौड़ोई नाम सन्मुखजो

जीव भये। ताते उद्धार नहीं होते तौ तुलसीहू कौं भरिहैं नाम पूर्ण करैंगे यह निश्चय है ॥ १७१ ॥

मू०। कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो। श्रीरघुनाथकृपालुकृपा तेंसंत सुभाउगहौंगो। यथालाभसन्तोष सदाकाहूसोंकछुनचहौंगो। परहितपरत निरन्तर मनक्रम वचननेम निबहौंगो। परुषवचनअतिदुसहश्रवणसुनितेहिपावकनदहौंगो। विगत मानसमसीतलमनपरगुणनहिंदोषकहौंगो। परिहरिदेह जनितचिन्तादुख सुखसमबुद्धिसहौंगो तुलसिदासप्रभुयहि पथरहिअविचलहरिभक्तिलहौंगो ॥ १७२ ॥

टी०। मनोराज्य विनयकरतहैं सन्तन्ह को जो नाना गुणसो कबहूं मोको होयगो ऐसोमनोरथकरि तेहिगुणन्ह को कहतहैंपर गुणतथा दोषनकहूंगो।ऐसोस्वभावहोयगो इहांगुणउनहींकहिबे को यहहेतुहै कि व्यतिरेक दोष देखि गुण दृष्टि नहीं होति तेहि हेतुते दोऊ छोड़नो साधुताहै यहां गुणकहनो दोष नहीं अध्याहार करि यहअर्थहै ऊपरतें साधुकों अनेकगुण कह्योतामें मुख्य जोगुण ताको समाप्तमो प्रार्थना करत हैं देहते उत्पन्न जो चिन्ता सोत्याग करि दुःखसुख दोऊको समबुद्धि करि सहौंगो अर्थात् देह कौं ईश्वर बूझि जब शरीराभिमान छूटै तब दुःख सुखमें सम बुद्धि होय सो जब देहाभिमान गयो तब अन्य जो सबगुण सो तेहिजीव कौं आपै सेवन करत हैं तहां देह जनित चिन्ता छोड़बेको विचार थोड़ोहै पर तामोनिष्ठाहोनो अति कठिनहै सो विचार ऐसो है कि भूत जो व्यतीतकाल ताके निमित्त चिन्ता है नहीं अरु वर्त्तमानमो भोग होतहै यहकीभी चिन्तानहींपर भविष्य जो आवनेवाला काल सो कैसे निबहैगो यहीचिन्तामो जगत् डूबिरह्यो सो साधुगुण परमेश्वर अनुग्रहकरैं तौ यह बुद्धिआवे कि जैसे भूतव्यतीत भयौ अरु वर्तमान बीततहै तैसे भविष्यऊ बीते गो चिन्ताको प्रयोजन है नहीं केवल अज्ञान कारी चिन्ता करतहैं जब ऐसोनिश्चय भयोतो ज्ञातारूपहै यह प्रसिद्धहै कि निश्चितं परमंपदं तुलसीदास विनयकरत हैं कि हेप्रभु जो सज्जन्ह को मार्ग पूर्व कह्यो तेहिमें रहि नाम ग्रहण करि अविनाशिनी जो हरिभक्ति सो पाऊंगो अर्थात् कब ऐसो अनुग्रहकरोगे यह प्रार्थनाहै ॥ १७२ ॥

मू०। नाहिंनआवतआनभरोसो। यहिकलिकालसकल साधनतरु है

श्रमफलनिफरोसो । तपतीरथउपवासदानमखजेहिजोरुचैकरो सो । पाहिपैजानिबोकर्मफलभरि २ वेदपरोसो । आगमविधि जपयोगकरतनरसरतनकाजखरोसो । सुखसपनेहुंनयोगसिधि साधनरोगवियोगधरोसो । कामक्रोधमदलोभमोहमिलिज्ञान विरागहरोसो । बिगरतमनसंन्यासलेतजलनावतआमघरोसो । बहुमतसुनिबहुपंथपुराणनिजहांतहांझगरोसो । गुरुकह्योराम भजननीकोमोहिंलागतरामराजडगरोसो । तुलसीबिनपरतीति प्रीतिफिरिफिरिपचिमरैमरोसो । रामनामबोहितभवसागर चाहैतरनतरोसो ॥ १७३ ॥

टी० । रामनामव्यतिरेकअन्यसाधनतें अपनेकल्याणको प्रतीतिनहीं होत तामें हेतु कि यह कलिकाल विषैं सकलसाधनरूप जो वृक्षसो परिश्रमैं फूलफलैहै अन्य नहीं तपस्यादि जो साधन जेह को जो रुचै सोकरो परिपायेही जानिहौ कि तेहि कर्मको फल मिल्यौ ऐसे तौ वेदने भरि करि परोस्यो है अर्थात् छोटे छोटे कर्म को बड़ो २ फल कह्योहै अब और साधनकी निष्फलता कहत हैं आगम जो नारद पंचरात्रादि तेहि विधि करि जप योग मनुष्य करत है परसो नाम खरासाधकी कार्यनसरत नामनहीं सफलहोत तथा योग साधन की को सिद्धि तेहकरि स्वप्नहुमें सुखनहीं काहेकि नानारोग अरु प्रिय वियोगकरि लोशधरोसो नामधर्योहै अर्थात् सबदिन बन्यो है ज्ञान विराग जो मुख्यसाधन ताको कामादि मिलि करि हरण करत भये संन्यासाश्रम सर्वते श्रेष्ठ जीवके कल्याणको हेतुताको ग्रहण करतमन बिगरतहै जैसे जलके डारेतें आमनाम कच्चाघरो नाम घड़ा अर्थात् संन्यासाश्रमको जो वृत्ति अरु आचरण ताकों ग्रहण करते मनस्थिर नहीं रहत अत्यन्त दुखदेखि चंचल होत है शास्त्रको सम्मत ग्रहण करि आचरण करनो तहां बहुमत सुनत हैं अरु पुराण सब बहुत मार्ग उपदेश करतहैं जहांतहां झगरोई देखि पड़ैहै तेहि हेतु मन स्थिरनहीं होत यह सन्देह मो पर्यो देखिगुरु कह्यो कि राम भजन नीकोमार्गहै ताहीको तू ग्रहणकर सोमोहुको रामराज्य के डगरो नाम सड़क समानलागत नाम बूझिपर्यो अर्थात् सामान्य राजन्हको कियो जो सड़क तामें चलते भयनहीं होत लंगड़ा लूंजासब निब-हतहैं तौ रामराज्य को सड़क तामें चलिकरि निर्विघ्न अपने स्थान कों पहुंचै यामें कहा कहनो तुलसी को यह निश्चय है कि प्रीति

प्रतीति बिनानाना साधनविषें फिरिफिरि नाम कछूदिन औरकिये वाकोंछोड़ि दूसरो कियो तीसरो कियो ऐसो जाको पचि मरनो सो मरो परलोकको संसार समुद्रपार होबेकी इच्छा होसो राम नाम रूप जो जहाज ताको अवलंब करि पारहोउ यह सिद्धान्त है तहां ग्रंथकार को आशय अन्य साधन के निन्दा करिबेमो नहीं है किन्तु कलिकाल प्रभावकरि और सबसाधन सफलनहीं होतेयह व्यासादि महात्मन्हको सम्मत है केवल यह युग मो जीवको कल्याण भगवन्नाम करत है यह अभिप्राय है ॥ १७३ ॥

मू०। जाकेप्रियनराम वैदेही। सोछाड़ियेकोटि बैरीसमयद्यपि परम सनेही। तज्यौपिताप्रह्लादविभीषण बंधुभरतमहतारी। बलि गुरुतज्यौकंतब्रजवनितन्हिभयजग मंगलकारी। नातेनेहराम केमनियतसुहृदसुसेब्यजहांलों। अंजनकहाआंखिजेहिफूटैबहु-तोकहोंकहांलों। तुलसी सो सबभांति परमहित पूज्यप्राणतें प्यारो। जासोंहोयसनेहरामपदएतोमतोहमारो ॥ १७४ ॥

टी०। भगवत विमुखकोउ होयताको त्यागकरनो उचित है चेत कहो कि खेद जोपिता मातादिताकों त्यागकरनो धर्मशास्त्रमो दोष कह्यौहै तेहिपर प्रह्लादादिको प्रमाण देतहैं सो सब जगतके मंगल कारी भये कोऊ तिनको दोष नहीं देत जितने सुहृद अरुसेब्य नाम सेवन करिबे योग्यश्रेष्ठसो सबरामजूके संबंधी होयतौ तिन्हते नाता अरुस्नेहविवेकी मानतहैं काहे कि अंजनदेतहैं सूझबेके निमित्तजेह तें आंखिफूटै तेहि अंजन कोलै कहा करनो अर्थात् पिता मातागुरु सबकी पूज्यता भगवत संबंधकरिकै सोजो भगवानते विमुखकरें तौ शत्रुहैं यह सिद्धांत है बहुत कितनो कहों सब प्रकार सोई हित कारी अरुपूजनीयहै जेहके सहायते भगवतपदमो अनुराग होयएत-नोई तुलसी को मत है ॥ १७४ ॥

मू०। ज्यौंपैरहनि रामसौं नाहीं। तौ नरखर कूकर सूकर सेजाय जियत जगमाहीं। कामक्रोध मदलोभ नींदभय भूखप्यास सब हीके। मनुजदेह सुरसाधु सराहत सोसनेहसियं पीके। सूर सुजान सपूतसुलक्षण गणियत गुणगरुआई। बिनहरि भजन इंदारुनके फलतजतनहीं करुआई। कीरतिकुल करतूतिभूति भलिशीलस्वरूपसलोने। तुलसीप्रभु अनुराग रहित यथसालन सागअलोने ॥ १७५ ॥

टी०। पूर्वसिद्धांतकौं पुष्टकरतहैं मनुष्यशरीर अत्यन्त दुर्लभशास्त्र कहतहै ताको शूकरादि जो नीच पशु ताहूते अधम कह्यौ तासो हेतु कहत हैं कि कामादि जो चेष्टा सो शूकरादि कौं भी होत है मनुष्य के शरीरको दुर्लभता महात्मा सब कहतहैं सो केवल भगवत संबन्ध करि सर्वगुण युक्तहै अरु भगवत विमुख होय तौ निन्दित है तामों वृन्दावनके फलको दृष्टान्तदिये वाहीमों अलोनसागको दूसरो दृष्टान्त दिये शब्दार्थ सुलभ है ॥ १७५ ॥

मू०। राख्योरामसुस्वामी सोनीचे नेहन नातो। एतेअनादर होतहू तैनहातो। जोरेनयेनातेनेहफोकटफीके। देहकेदाहकगाहक हीके। अपनेआपनेको सबचाहतनीको। मूलदुहूंको दयालदूलह सीको। जीवकेजीवनप्राणकेप्यारे। सुखहूकोसुखरामसोबिसारे। कियोकरैगोतोसेखलकोभलो। ऐसेसुसाहिबसौं तूं कुचालक्यौं चलो। तुलसीतेरी भलाईअजहूं बूझे। राढउराउत होतफिरि कैजूझे ॥ १७५ ॥

टी०। जीवकौं उपदेश करतहैं रेनीच रामसे स्वामी सौं स्नेह अरु नातौ न राख्यौ विमुख होकरि संसारमे प्रीति कियौ तेहितें इतनो अनादर होत हू तें नहातो नाम नहीं छोड़त है अर्थात् जहां जहां तें कामना बसयाचतहै तहां तहां निरादर होनोयेही संसार के प्रीतिको फल है नवीन जो नातो अरु स्नेह जोरेनामतैं करत भयो अर्थात् जहां जहां जेह जेह योनिमों जन्म होत है तहां नये नये संबंधी प्रीति के पात्र होत हैं सो सब फोकट नाम मिथ्या अरु फीके नामरसहीन तथा देहके जलावनेवाले अरुजीवके गाहक नामनाशक हैं अर्थात् जो झूठ हैं तौ तिनते कौन रस मिलैगो तथा तेहि सम्बन्धिन्ह के अर्थ नाना जीविका को उपाय करि अनन्त क्लेश होत है तेहिते देहके दाहक कहे अरु तिनहीं सबन्ध के ममता करि भगवत् विमुख जीव होत है यह हेतुतें जीवको नाशक कहे अपने अरु आपने नाम जो कोऊ अपनो प्रिय सम्बन्धी ताको भलौ सब चाहत हैं पर दोऊके भलेको मूलमौ क्षमामूर्ति जानकी नाथहैं अर्थात् आप सम्मुख होय तेहि हेतु अपनो प्रिय परिवार सोऊ परमेश्वर मों लगो तौ लोक परलोक दोऊ मो सबको भलौ होत हैं सो कैसे रघुवर हैं जीवके जीवन नाम अन्तर्यामी रूपतें आधार अरु प्राणके प्यारे नाम जेह के सत्ताबिना प्राण नहीं रहत तथा सुखहू को सुख नाम सब

सुखकी सामग्री स्त्री पुत्र ऐश्वर्य्यादि परमेश्वरकी चैतन्य सत्ता व्यतिरेक सुखदाई नहीं होते ऐसो जो श्रीरामजू ताको तैं विस्मर्ण कियो रे मूर्ख तेरे ऐसे खलको भी भूत काल मों भलो कियो वर्त्तमान मों करे हैं आगे भविष्य मो करेंगे अर्थात् तू विमुख थो है पर मनुष्यको जन्म दै पालन करि सर्वथा भलो करत हैं ऐसे खाविन्द तेरे अधमतू विमुखता रूप कुचाल क्यों चलत है विमुख होकरि जितनो काल बीत्यो सो व्यार्थ गयो तुलसी कहत है कि तेरी भलाई अजहूं बूझैं नाम जितनी आयुर्बल रहि गई है तितनी करि सम्मुख होय तो भलो हो वेमें संदेह नहीं तामें दृष्टान्त देत हैं राउतनाम कातर संग्राम तें जो कईवार भाग्यो सोऊ राउ रावत नाम सिपाही होत है फिरि कै जूझैं अर्थात् मौवेर भाग्यो अन्तमें वीरता करि जूझौ तो परलोकऊ में सूरकी गति होति है तथा यह लोकमें कोऊ कातर नहीं कहत मबहूर कहत हैं यह अर्थ है ॥ १७६ ॥

मू०। जौं तुम त्यागो राम हौं तो नहिं त्यागों। परिहरि पायक काहि अनुरागौं। सुखद सुप्रभु तुम सो जग माहीं। श्रवण नयन मन गोचर नाहीं। हौं जड़ जीव ईश रघुराया। तुम माया पति हौं वस माया। हौं तो कुयाचक स्वामी सुदाता। हौं कपूत तुम हौं पितु माता। जो पै कहूं कोउ बूझत बातो। तौ तुलसी बिनु मोल बिकातो॥१७७॥

टी०। हे रघुवर आप त्याग करैं तौ मैं छोडूंगो नहीं त्याग करबे में हेतु कहत हैं स्वामी को ऐश्वर्य्य अरु खरंचता अपनी परवसता अरु कृपणता कहे हैं जड़पतें मन्दबुद्धिता अनाविकपूत पुत्र के ऊपर पिता की अधिक ममता होति है ऐसो बूझि छोह करो यह अभिप्राय है चेतकहो कि अनेक स्वामी हैं विशेष हम हीं ते हठ करबेको कौन फल सो हेतु सुनो कि अन्य जो नाना देवता ऐश्वर्य्य मान सपूत को शरण देत हैं मोको तो कोऊ काहू स्थानमें जो बातऊ पूछतो तो तुलसी आपके इहां वेमोल विकातो यह कोको है अर्थात् जब कोऊ पूछने वालो नहीं तो अशरण शरण जो आप ताकों छोड़ि कहां जांय॥ १७७॥

मू०। भयेहूं उदास राम मेरे आस रावरी। आरत स्वारथी सबकहैं बात बावरी। जीवनको दानीघन कहा ताहि चाहिये। प्रेमनेम के निबाहेंहै चातक सराहिये। मीनतें न लाभ लेश पानी पुण्य पीन कौं जलविनथलकहांमीच बिनु मीनकौं। बड़े ही की ओट बलि बांधि

आयेछोटेहैं। चलतखरेकेसङ्गअहांतहांखोटेहैं। यहिदरबार भलौ दाहिनेह्वनामको। मोकोशुभदायकभरोसोरामनामको।। कहतनशानोहैहै कियेनाथनीकोहै। जानतक्रपा निधान तुलसीकेजीको है॥ १७८॥

टी०। आप हमते उदास भी रहोपर मोको आपै की आश है बार २ आपते कहत हैं। सो आप बुरोमतिमाने काहे कि आरत अरु स्वारथी जो जीव सो बावरी बात कहत हैं सो मैं तो अपने गर्ज बस स्वारथी अरु संसार के कलेशकरि आरत हौं तो मेरे वचनकों कौनप्रमाण जीवनको दानी जोमेघ ताको कहा चहिये अर्थात् अपने आश्रयो के ऊपर दया करनो उचित है निठुरता न चाहिये जो निठुरता करै है तथापि अपनी ओ.र ते प्रेम नेम के निबाह से चातककी प्रशंसा होति है अर्थात् आपसंमर्थ हौ जो करो सो सब शुभै है पर मोको अपनो धर्म एकाङ्गी निबाहनो चाहिये यद्यपि हमकोऊ कामकेनहीं तद्यपि हमको दूसरी जगह नहींहै जैसेपवित्र जोपानीनाम जलपाननाम पुष्ट अर्थात् निष्काम ताको मछलीते लाभकों लेशऊनहीं पर मछलीते जल त्याग कर ऐसो स्वलकहां है जहांमृत्यु नहोय तद्वत् अपनी अरुमेरी समता जानो आपनभी पूछौगे तौभीमैं कृतार्थह्वै गोऐसी प्रतीतिहै काहे कि लोकमें यह रीति देखिपड़ै है कि ओट लियेते छोटे जीव बांच जातहैं अर्थात् कोऊसामान्य ऐश्वर्यमान काहूमनुष्य को दुख देनो चाह्यौ तबदूसरो उपाय तामें न देख्यौ कहत भयो कि चक्रवर्ती राजाको मैंदासहौं तो नहींभी दासहोय परनामके ओटलियेते दुष्टकृत कलेशते बचिजातहै तैसे संसार रूपी दुष्टते आप के नाम को ओट लैकरि बचिजाउंगो यह निश्चय है दूसरो दृष्टान्तदेत हैं सच्चेरुपये के सङ्गतमहीरुपया एकआध चलिजात है अर्थात् सच्चा रुपया खोटेरुपयेको अपने सङ्गराख्यौनहीं केवल सङ्गकरि खोटऊ खराहोतहै तद्वत् आपन भी अपनोमानोगे तबहूं योरामजूके दास हैं इतने बचनमात्र करियमराजरूप परखियाकेदृष्टिमो हमखोटेन पहिचानेजांयगे यहभावहै प्राकृत राजन्हके इहांसबतरहके मनुष्य रहतहै अरु यहदरबार तो सनातनते भलाबुरो दोऊको अवलंम्ब है जो आपके नाम को भरोसो रहैगो तो सोई विश्वास मोको शुभदेगो वा स्वारथ नाम विषे निशाअपनी कहेताको दोष बूझि